फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री ईश्वरलाल श्रीमाल पुत्र श्री अर्जुनलाल नि0 बाण्डी होली वार्ड नं. 19, मु0 पो0 देवगढ़ जिला राजसमन्द (राज.)

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 90/2024**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 18.11.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी उपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से जरिये पत्र क्रमांक: –सूकाअ/25/2024/133 दिनांक 13.11.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रार्थी श्री ईश्वरलाल श्रीमाल पुत्र श्री अर्जुनलाल नि0 बाण्डी होली वार्ड नं. 19, मु0 पो0 देवगढ़ जिला राजसमन्द (राज.) पिन – 313331 के प्राप्त आवेदन पर आवेदक को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक सूकाअ/25/2024/116 दिनांक 21.10.2024 द्वारा सूचना उपलब्ध करा दी गई है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना प्रश्नात्मक होने और उक्त बाबत अपीलार्थी को कार्यालय तहसीलदार देवगढ़ के पत्र क्रमांक सूकाअ/25/2024/116 दिनांक 21.10.2024 द्वारा सूचित किये जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)